CNews सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-123
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
छोटा सा बदलाव ही जिंदगी की एक बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, बुधवार 07 अगस्त 2024

## पुलिस की टीम पर हमला करने वाले 2 शराब माफिया गिरफ्तार

### छापेमारी के दौरान दो चौकीदार को चाकू मारकर किया था घायल

**गोपालगंज।** पुलिस की टीम पर हमला किये जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। गोपालगंज की मांझागढ़ थाने की पुलिस ने दो मुख्य आरोपी और शराब माफिया अमित और आकाश को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर मांझागढ़ के दो चौकीदारों पर चाकू से जानलेवा हमला करने का आरोप है। बीती रात छापेमारी करने गये चौकीदारों पर शराब माफिया ने मिलकर हमला बोला था। जिसके बाद पुलिस ने आज कार्रवाई करते हुए दो शराब माफिया और हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गोपालगंज ने इस बात की जानकारी मीडिया को दी है। बताया कि मांझागढ़ थाना अंतर्गत कोईनी



बलुआ टोला में पुलिस पर हमला मामले में 02 शराब माफिया को गिरफ्तार किया गया है। वही यह भी बताया गया है कि दिनांक 05.08.2024 को समय करीब 08ः00 बजे अपराहन में मांझागढ़ थाना टीम कोईनी बलुआ टोला में शराब बरामदगी और शराब माफिया की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के क्रम में शराब माफिया द्वारा चौकीदार रामबाबु एवं चौकीदार बैजू शाह पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

उक्त घटना के संबंध में थानाध्यक्ष को सूचित किया गया तत्पश्चात् थानाध्यक्ष द्वारा अतिरिक्त बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा गया जिसके मदद से 02 शराब माफिया 01. अमित कुमार राम उर्फ अक्षय राम पिता शंभुनाथ राम ग्राम सरेया वार्ड नं0-02 साधु चौक थाना नगर 02. आकाश कुमार पिता सुरेन्द्र राम ग्राम लखपतिया मोड़ वार्ड नं 03, नगर थाना, गोपालगंज को गिरफ्तार किया गया। घायल दोनों चौकीदार को सदर अस्पताल गोपालगंज में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर द्वारा चौकीदार रामबाबू को बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जिस संबंध में कांड दर्ज कर अग्रिम कारवाई की जा रही है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## लालू यादव और तेजस्वी यादव की फिर बढ़ी मुश्किलें

### ED ने 1000 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
लैंड फॉर जॉब मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 1000 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है. आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत 11 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर 13 अगस्त को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी.ईडी द्वारा पूरक आरोपपत्र दायर करने से लालू और तेजस्वी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. जांच एजेंसी के मुताबिक, यह मामला साल 2004 से 20009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू यादव के कार्यकाल के दौरान एमपी के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में बहाली से जुड़ा है. आरोप है कि रेलवे में भर्ती होने वाले लोगों ने नौकरी के बदले आरजेडी



सुप्रीमो के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को उपहार स्वरूप जमीन दी थी.वहीं लालू यादव और तेजस्वी यादव पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने के बाद बिहार में राजनीति भी शुरू हो गई है. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि जो चोरी करेगा उस पर तो चार्जशीट होगा ही. सम्राट चौधरी इससे पहले भी लालू परिवार पर निशाना साधते रहे हैं. आज जब लैंड फॉर जॉब मामले को लेकर फिर से लालू परिवार पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर किया गया है तो ऐसे में सम्राट ने लालू परिवार को हो चोरी करने वाला परिवार बता दिया है.

### पूर्णिया के तनिष्क ज्वेलरी शॉप से 3.70 करोड़ लूट मामले में पुलिस ने एक शख्स को दबोचा

## आरोपी चुनमुन झा के करीबी से की जा रही पूछताछ

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
पूर्णिया, बीते दिनों पूर्णिया के तनिष्क ज्वेलरी शॉप से 3.70 करोड़ की लूट हुई थी। कीमती हीरे और सोने के जेवरात लूटकर अपराधी फरार हो गये थे। आरोपी चुनमुन झा के एक करीबी दोस्त को एसटीएफ की टीम ने थाना चौक से दबोचा है। जो हाउसिंग कॉलोनी का रहने वाला है। घटना के बाद फरार चुनमुन झा से गिरफ्तार युवक का संबंध माना जा रहा है। गिरफ्तार युवक से चुनमुन झा के ठिकानों की जानकारी हासिल की जा रही है। ऐसा इसलिए की तनिष्क लूटकांड में शामिल बदमाशों को चुनमुन झा जानता है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही अन्य बदमाशों तक पहुंचा जा सकता है।



वही तनिष्क शो रूम के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। तनिष्क ज्वैलरी शॉप में काम करने वाले सभी कर्मियों का मोबाइल नंबर और घर का पता मांगा गया है। सभी कर्मचारियों से बारी-बारी से पूछताछ की जा रही है। कर्मचारियों का मोबाइल नंबर भी खंगाला जा रहा हैं। सभी कर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर पहली मंजिल पर बदमाश ले गये थे। बदमाशों द्वारा पूर्व की बनायी गई योजना को लेकर भी कर्मियों से पूछताछ की जा रही है।

## सादे लिबास में छापेमारी करने जाना पड़ गया भारी

### लोगों ने दारोगा को जमकर पीटा, वीडियो वायरल

**मुजफ्फरपुर।**, मुजफ्फरपुर में सादे लिबास में छापेमारी करने जाना एक दारोगा को काफी भार पड़ गया। ग्रामीणों ने चोर समझकर दारोगा की जमकर कुटाई कर दी और उसका पिस्टल तक छीनने की कोशिश की है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दरअसल, साहेबगंज थाना क्षेत्र में एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसी अपराधी की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में उसे पकड़ने के लिए पहुंची थी, तभी अपराधी ने चोर-चोर का शोर



दिया और चकमा देकर वहां से फरार हो गया। चोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और दारोगा भीड़ के हत्थे चढ़ गए।

उग्र ग्रामीणों ने दारोगा की जमकर कुटाई कर दी और पिस्टल छिनने की भी कोशिश की गयी, तभी गांव के ही एक शख्स ने दारोगा को पहचान लिया और बताया कि वह सब इंस्पेक्टर पुनीत कुमार हैं। युवक के समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और दारोगा को छोड़ा।

पुलिस टीम पर हमले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने घटनास्थल से करीब आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर सभी को कोर्ट में भेज दिया। पुलिस पर हमले का वीडियो मुजफ्फरपुर में तेजी से वायरल हो रहा है हालांकि फर्स्ट बिहार वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है.

### रेलवे पुलिस की बड़ी लापरवाही

## पोस्टमार्टम के बाद पुल से सोन नदी में फेंका दो शव

**सासाराम।** पोस्टमार्टम के बाद दो लावारिस लाशों को सोन नदी में फेंके जाने का मामला सामने आया है। दो दिन पहले ही दोनों शव का पोस्टमार्टम किया गया था। आज दोनों शव रेलवे पुल के नीचे सोन नदी से मिलने से हड़कंप मच गया। रेलवे पुलिस पर गंभीर आरोप लगा है। पुल से सोन नदी में दोनों लाश को फेंकने का आरोप है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। एएसपी ने कहा है कि जिस किसी ने ऐसा काम किया है उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

डेहरी के एएसपी शुभांक मिश्रा ने बताया है कि बरामद दोनों शव का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। यह रेलवे पुलिस की बड़ी लापरवाही है। डेड बॉडी का डिस्पोजल किए



बिना ही उसे ट्रेन से नीचे नदी में फेंक दिया गया। यह काफी गंभीर मामला है। इस मामले में जिस किसी ने भी लापरवाही बरती है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि आज पुलिस को सूचना मिली थी कि डालमिया नगर इलाके के मकराइन के पास सोन नदी में रेलवे पुल के नीचे पाया नंबर 87 के पास प्लास्टिक ने बंधा हुआ दो शव पड़ा हुआ मिला है। इस बात की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। इस बात की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों डेड बॉडी को पानी से बाहर निकाला।

एफएसएल टीम की मौजूदगी में प्लास्टिक के रैपर को निकाला गया गया तो पता चला कि बॉडी का पहले से ही पोस्टमार्टम किया जा चुका है। एएसपी ने बताया कि प्रथमदृष्टया जो जानकारी सामने आई है वो यह है कि अज्ञात भिखारी का एक शव है और दूसरा शव ट्रेन से कट के मृत लावारिस व्यक्ति का है। फिलहाल दोनों की पहचान अभी भी नहीं हो पाई है। ऐसे में बिना सामाजिक प्रक्रिया अपनाए दोनों शवों को पानी में फेंक दिया गया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## बिहार काडर के IAS अफसर संजीव हंस को बड़ी राहत

### HC ने रद्द की रेप की FIR

**चन्दन कुमार चौबे ।सिटी चीफ**
बिहार काडर के चर्चित IAS अफसर संजीव हंस को पटना हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज की गई रेप की एफआईआर रद्द कर दी है. उन्होंने अपने ऊपर लगे रेप के आरोप को निरस्त करने के लिए क्रिमिनल रिट याचिका पटना हाई कोर्ट में दायर की थी.पटना के रूपसपुर थाने में एक पीड़िता ने आईएएस संजीव हंस और राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया था. उसके बाद आईएएस अफसर ने हाई कोर्ट का रुख किया था. उन्हें तब तत्काल राहत मिल गई थी, याचिका पर सुनवाई चल रही थी. पटना हाईकोर्ट के जस्टिस




संदीप कुमार की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनते हुए फैसले की तारीख 6 अगस्त को मुकर्रर करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था. इसके बाद आईएएस अफसर संजीव हंस को बड़ी राहत देते हुए कोर्ट ने केस रद्द कर दिया, क्योंकि एफआईआर देर से दर्ज कराई गई थी.

## सरकारी कार्यक्रम में खर्राटे लेते नजर आए JDU के बवाली विधायक गोपाल मंडल



**भागलपुर।** भागलपुर के गोपालपुर से जेडीयू विधायक गोपाल मंडल अपने कारनामों को लेकर अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। किसी भी मुद्दे पर बेबाक अंदाज में अपनी बात को रखने वाले गोपाल मंडल सरकारी कार्यक्रम में खर्राटे लेते नजर आए हैं। बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार गोपाल मडंल को जगाकर थक गए लेकिन उनकी नींद नहीं खुली

दरअसल, मौका था भागलपुर के बिहार कृषि विश्विद्यालय सबौर के स्थापना दिवस समारोह का, जहां बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत कई विधायक, जनप्रतिनिधि, किसान के उधमी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रवण कुमार के बगल में बैठे विधायक गोपाल मंडल कुर्सी पर सिर रखकर गहरी निद्रा लेते नजर आए।

गोपाल मंडल इतनी गहरी नींद में थे कि मानों कई दिनों से सो नहीं सके हों। कार्यक्रम में मौजूद मंत्री श्रवण कुमार की नजर गोपाल मंडल पर गई तो उन्होंने गोपाल मंडल को जगाने की कोशिश की। मंच पर मौजूद पीरपैंती विधायक ललन पासवान ने भी उन्हों उठाने की कोशिश की लेकिन कोशिश नाकाफी साबित हुए।

मंच से बिहार विधान परिषद के सदस्य एनके यादव भाषण दे रहे थे, तब गोपाल मंडल सोते नजर आए। फिर जब मंत्री श्रवण कुमार भाषण दे रहे थे उस वक्त तक जेडीयू विधायक गहरी नींद में सोए रहे। उन्हें कई बार नींद से जगाने की कोशिश हुई लेकिन जब उनकी नींद नहीं खुली तो सभी ने हाल मान ली और कार्यक्रम के दौरान गोपालमंडल चैन की नींद लेते रहे।